**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3173**

**(दिनांक 06.08.2021 को उत्तर देने के लिए)**

**जाली समाचार पर खोज, आकलन, सृजन और लक्ष्य (एफएसीटी) जांच मॉड्यूल**

**3173. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:**
**डॉ. सुकान्त मजूमदारः**
**श्री विनोद कुमार सोनकरः**
**श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या):**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईक:**
**श्री भोला सिंहः**
**डॉ. जयंत कुमार राय:**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों पर फर्जी समाचारों की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लिया है और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत एक फैक्ट (एफएसीटी) जांच माड्यूल स्थापित करने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने मूल रूप से चार सिद्धांतों, खोज, आकलन, सृजन और लक्ष्य (एफएसीटी), जिसमें ऑनलाइन समाचार स्रोतों और सोशल मीडिया पोस्ट की चौबीसों घंटे निगरानी शामिल है, के आधार पर एक फैक्ट जांच माड्यूल बनाने की योजना बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या निकट भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में एफएसीटी जांच तंत्र का भी विस्तार किया जा सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत दो वर्षों के दौरान सरकार और सरकारी प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सूचित किए गए फर्जी समाचारों के ऐसे मामलों की संख्या कितनी है और उस पर क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

**सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

**(क) और (ख):** सरकार को विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्मों में फर्जी समाचारों की घटनाओं की जानकारी है। इस मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय के तहत नवंबर, 2019 में एक तथ्य जांच यूनिट स्थापित की गई है। यह यूनिट स्वत: आधार पर और इसके पोर्टल पर या ई-मेल और वाट्सएप के माध्यम से नागरिकों द्वारा की गई पूछताछ, दोनों तरीके से फर्जी समाचारों का संज्ञान लेती है। जब संगत पूछताछ केंद्र सरकार से संबंधित होती है तो यह यूनिट सही सूचना के साथ उनका जबाव देती है या अन्य मामलों में उन्हें राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अग्रेषित कर देती है। इस यूनिट का एक ट्विटर एकाउंट @PIBFactcheck भी है और यह फर्जी समाचारों के मामलों का पर्दाफाश होने पर नियमित रूप से उन्हें अपने उक्त ट्विटर एकाउंट पर डालती है।

**(ग) और (घ):** पीआईबी की तथ्य जांच यूनिट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्मों पर समाचारों को कवर करता है।

*****